जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहि। नगर गाऊँ पुर आगि लगावहि!!
धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी। गई तहाँ जहाँ सुर मुनी झारी।।
|| Ram Katha 964 - *मानस गौ सूक्त || Barsana ( UP) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 72 | इंदौर, बुधवार 24 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## सिवनी, मंडला और बालाघाट में आज तेज बारिश का अलर्ट

### प्रदेश में अब तक सामान्य से 19% ज्यादा गिरा पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मौसम उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जहां दूसरे प्रदेशों में मानसून की विदाई शुरू हो गई है। वहीं प्रदेश में अभी भी कुछ जिलों में बारिश का दौर चल रहा है। बुधवार को 3 जिले सिवनी, मंडला और बालाघाट में तेज बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, सितंबर के आखिरी दिनों में भी तेज बारिश होगी। प्रदेश में अब तक 44 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 19 प्रतिशत ज्यादा है। गुना और रायसेन ऐसे जिले हैं, जहां 61 इंच से अधिक पानी गिर चुका है।

### ◆ अक्टूबर में मानसून की होगी वापसी

देश के चार राज्य- गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब से मानसून विदाई ले रहा है। कई जिलों से इसकी वापसी हो गई है, जबकि उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से भी मानसून विदाई लेगा। मध्यप्रदेश में अक्टूबर के पहले सप्ताह तक मानसून की एक्टिविटी जारी रहने की संभावना है।

### ◆ गुना में सबसे ज्यादा, खरगोन में सबसे कम बारिश

इस बार गुना में सबसे ज्यादा 65.4 इंच पानी गिर चुका है। रायसेन में 61.1 इंच, मंडला में 60 इंच, श्योपुर में 56.6 इंच और अशोकनगर में 56 इंच बारिश हो चुकी है। वहीं, सबसे कम 27.3 इंच बारिश खरगोन में हुई। शाजापुर में 28.7 इंच, खंडवा में 29.1 इंच, बड़वानी में 30.9 इंच और धार में 32.8 इंच पानी गिर चुका है।

## होंठ ग्लू से चिपका दिया, मुंह में ठूंसा पत्थर

### 15 दिन के नवजात के साथ भीलवाड़ा में हैवानियत

**भीलवाड़ा, (एजेंसी)** कहते हैं कि जाको राखे सांईयां, मार सका ना कोय। ठीक ऐसा ही हुआ है राजस्थान के भीलवाड़ा में। राजस्थान के भीलवाड़ा में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक इलाके के जंगल में 15 दिन का एक नजवात मिला है, जिसके होंठ गोंद से चिपकाया गया था और मुंह में पत्थर भी ठूंसा गया था ताकि बच्चा रोकर किसी का ध्यान ना खींच सके। हालांकि, इन सब के बावजूद बच्चे की जान बच गई। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और बच्चे के माता-पिता की तलाश कर रही है।

मामला भीलवाड़ा के मंडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बीजोलिया का है। यहां एक चरवाहा अपने पशुओं को चराने के लिए जंगल जा रहा था। इस दौरान उसने देखा कि एक बच्चा झाड़ियों में पड़ा था। चरवाहे ने बच्चे के पास जाकर देखा तो एक बच्चा पड़ा हुआ था। चरवाहे ने बच्चे के पास जाकर उसकी जांच की तो उसके मुंह को ग्लू से चिपकाया गया था। इसके अलावा बच्चे के मुंह को पत्थर से भर दिया गया था, ताकि बच्चा रोकर किसी को अपनी तरफ ना बुला सके। चरवाहे ने बच्चे के मुंह से पत्थर निकाला और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के बाद बच्चे का इलाज डॉक्टरों ने तुरंत शुरू कर दिया और अब बच्चे की हालत स्थिर बनी हुई है।

मप्र मंत्रि परिषद बैठक

# पर्यटक स्थलों को जोड़ने शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

## डॉक्टरों के पद भरे जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटर के सहयोग से राज्य के भीतर हेलीकॉप्टर सेवा संचालन की स्वीकृति प्रदान गई है। प्रदेश में हवाई अड्डों, हेलीपैड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चयनित स्थानों पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जाएगी।**



### तीन सेक्टरों में किया जाएगा हेलीकॉप्टर का संचालन

हेलीकॉप्टर का संचालन तीन सेक्टरों में किया जाएगा। सेक्टर-1 में इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधी सागर, मंदसौर, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर शामिल होंगे। सेक्टर-2 में भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर शामिल होंगे। सेक्टर-3 में जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसिली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकाप्टर सेवा का संचालन किया जायेगा।

### आवागमन होगा सुगम

इस सेवा का उद्देश्य प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों और पर्यटक स्थलों के मध्य निजी ऑपरेटर के सहयोग से किफायती एवं स्थायी हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराना है। इस सेवा से यात्रियों, पर्यटकों, व्यवसाइयों, निवेशकों एवं प्रदेश के रहवासियों का प्रदेश में आवागमन सुगम हो सकेगा। इससे प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक शहरों एवं पर्यटक स्थलों के बीच व्यवसाय एवं पर्यटन गतिविधियों में अभिवृद्धि होगी और रोजगार के नये अवसरों का सृजन भी होगा।

### सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की 660 मेगावाट की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी की पुनरीक्षित लागत 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपये (नॉन EPC सहित) का अनुमोदन प्रदान किया गया है। परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूँजी एवं ऋण के अनुपात में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा 20 प्रतिशत अंशपूँजी में से 684 करोड़ 53 लाख रूपये की राशि प्रदान की जायेगी और शेष राशि की व्यवस्था म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा स्वयं के स्त्रोत से की जायेगी। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 तक प्रदान/आवंटित की गई 431 करोड़ 45 लाख रुपये की राशि के अतिरिक्त शेष राज्यांश वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि में 50 करोड़ 62 लाख रुपये विभागीय बजट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराई जायेगी।

### अमरकंटक ताप विद्युत गृह , चचाई की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की 660 मेगावाट की अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की पुनरीक्षित लागत 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया है। परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूँजी एवं ऋण के अनुपात में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा 20 प्रतिशत अंशपूँजी में से 699 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि प्रदान की जायेगी और शेष राशि की व्यवस्था मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड दवारा स्वयं के स्त्रोत से की जायेगी। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 तक प्रदान/आवंटित की गई 365 करोड़ रुपये की राशि के अतिरिक्त शेष राज्यांश वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि में 66 करोड़ 98 लाख रुपये विभागीय बजट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराई जायेगी।

### सीनियर रेजिडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा 13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों अनुसार मान्यता प्राप्त करने के लिए नॉन क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल संकायों में सीनियर रेजिडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, विदिशा, रतलाम, खण्डवा, शहडोल, शिवपुरी, दतिया और छिंदवाड़ा में स्थित स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में इन पदों का सृजन किया गया हैं। इससे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सकेगा एवं चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण स्नातकोत्तर छात्र सीनियर रेसीडेंटशिप चिकित्सा महाविद्यालय में ही कर पायेंगे और नॉन क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल संकायों में भी प्रदेश को चिकित्सा शिक्षक प्राप्त हो सकेंगे।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



# शूर्पणखा दहन ने अब विदेशी मीडिया का भी ध्यान खींचा

## सोनम रघुवंशी सहित पति को धोखा देने वाली अन्य महिलाएं शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में विजयादशमी (2 अक्टूबर) पर शूर्पणखा का पुतला दहन किया जाएगा। इसने देश ही नहीं विदेशी मीडिया का भी ध्यान खींचा है। एशियानेट न्यूज सहित कई अन्य मीडिया प्लेटफार्म ने इस खबर को उठाया है। दहन होने वाली सूर्पणखा के 11 चेहरे होंगे। जिसमें सोनम रघुवंशी सहित पति को धोखा देने वाली अन्य महिलाएं शामिल हैं।**

परंपरागत रूप से बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरे पर रावण के पुतले का दहन किया जाता है। यह अंतरराष्ट्रीय मीडिया में छपता है, पर इस बार इंदौर की सूर्पणखा चर्चा में आ गई है। इंदौर की 'पौरुष' संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को देशभर के कई महिला संगठनों, मेन्स राइट्स एनजीओ और सामाजिक संगठनों का समर्थन मिला। दिल्ली पुरुष आयोग की अध्यक्षा बरखा त्रेहान, समाजसेविका दीपिका नारायण भारद्वाज, कोलकाता समेत अन्य प्रदेशों के एनजीओ और रघुवंशी समाज के पदाधिकारियों ने इसका समर्थन किया। साथ ही भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने भी कार्यक्रम को खुला समर्थन दिया। विदेशी मीडिया ने खासतौर पर पुतले में शामिल राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम को मुख्य शूर्पणखा बताते हुए उसकी फोटो सहित खबर प्रकाशित की। इससे यह आयोजन और ज्यादा चर्चा में आ गया है। गौरतलब है कि हाल ही में इंदौर का चूहा कांड भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया था। अब शूर्पणखा पुतला दहन की अनूठी परंपरा ने इंदौर को फिर से ग्लोबल मीडिया की हेडलाइंस में ला दिया है।







सान्नोद (देवास) के प्रवीण पटेल का परिवार भी इस आयोजन में शामिल होगा। प्रवीण की 10 माह पूर्व हत्या कर दी गई थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ आज तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसे लेकर संस्था 'पौरुष' के सभी साथियों ने 'Justice is Due' की टी शर्ट पहनकर प्रवीण को न्याय दिलाने, आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी करने और पुरुष आयोग बनाने की मांग को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि एसपी के नाम का ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौंपा। इसमें प्रवीण के माता पिता, बहनें आदि भी शामिल हुईं। ये सभी ने 2 अक्टूबर को इंदौर में होने वाले शूर्पणखा के पुतले के दहन में इंदौर आएंगे। इनके सहित अन्य रिश्तेदार भी शामिल होंगे। उनका आरोप है कि प्रवीण की हत्या उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष ने की है लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इसी वजह से वे भी शूर्पणखा पुतला दहन कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

## तेज गाड़ी चला रहे विधायक गोलू शुक्ला के बस ड्राइवर की पिटाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन रोड पर तेज रफ्तार में बस दौड़ा रहे ड्राइवर को राहगीरों ने पीट दिया। यह बस विधायक गोलू शुक्ला की बाणेश्वरी ट्रेवल्स के नाम से चल रही थी। ड्राइवर की पिटाई हादसे के दो दिन बाद हुई। वीडियो 4 दिन बाद मंगलवार को सामने आया है। घटना अरविंदो हॉस्पिटल के पास बीकानेर स्वीट्स के सामने की है।

वीडियो में दिख रहा है कि बस को राहगीरों ने रोका और ड्राइवर को नीचे उतरने को कहा। जैसे ही ड्राइवर नीचे उतरा, वहां मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। वह भागने लगा, लेकिन लोगों ने पकड़कर फिर से पीट दिया। बाणगंगा थाना टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई। हालांकि ये वो बस ड्राइवर नहीं है, जिसकी लापरवाही से 18 सितंबर की रात को बड़ा हादसा हुआ था। इस मामले में पुलिस की जांच में सामने आया है कि ड्राइवर मोबाइल पर बात करते हुए तेज रफ्तार से बस चला रहा था। यात्रियों ने ड्राइवर को स्पीड कम करने के लिए टोका भी था, लेकिन उसने स्पीड कम नहीं की। राहगीरों द्वारा बस के रोकने और ड्राइवर को नीचे उतारकर पिटाई के दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी बीच बचाव करता नजर आ रहा है। कुछ देर बाद पुलिसकर्मी बस ड्राइवर को घटनास्थल से दूर ले जाता नजर आ रहा है।

### कलेक्टर कार्यालय में हुई जनसुनवाई

## समस्याओं का गंभीरता से हुआ निराकरण

**इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जनसुनवाई की व्यवस्था को प्रभावी और सकारात्मक बनाया गया। आज की जनसुनवाई में 283 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताई, जिनका यथासंभव निराकरण किया गया।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वयं आवेदकों को बैठाकर इत्मिनान से उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। अनेक समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, वहीं जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।



उन्होंने स्पष्ट किया कि इन मामलों का फॉलो-अप भी लिया जाएगा ताकि आवेदकों को शीघ्र राहत मिल सके। कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष जनसुनवाई में एक नेत्रहीन दंपति अनीता पटेल और केदारनाथ पटेल ने अपनी बंद पेंशन की समस्या बताई। कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत उनकी पेंशन चालू करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बियाबानी निवासी इंदिराबाई माकौरे ने बिजली के अधिक बिल की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने बिल की जांच कर मदद का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में प्रत्येक आवेदक को बैठाकर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना गया और समाधान के ठोस प्रयास किए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बैनल, नवजीवन पवार और रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान सुनिश्चित किया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्वयं जनसुनवाई में उपस्थित रहें, नागरिकों की समस्याएं सुने और उनका निराकरण करें। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन संपत्ति और पारिवारिक विवाद, प्लॉट आवंटन, कॉलोनी विकास, भरण-पोषण आदि के थे।

## 14 लाख रु. से अधिक का मध्यप्रदेश मोटरयान कर मौके पर वसूला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को इंदौर-धार, इंदौर -उज्जैन रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 12 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया। साथ ही 05 पिकअप वाहनों को भी दस्तावेज के अभाव में जब्त किया। अन्य वाहनों पर 14 लाख रूपये से अधिक का मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया था, जिसे मौके पर ही जमा करवाया गया। इस दौरान वाहनों से 81 हजार रूपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।



चूहा कांड ने अब प्रशासन की नाक में दम कर दिया

# मासूम बेटी को खोने वाली मां तीन दिन से धरने पर बैठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमवायएच के चूहा कांड ने अब प्रशासन की नाक में दम कर दिया है। मासूम बेटी को खोने वाली मां तीन दिन से धूप और बारिश में धरने पर बैठी है। कह रही है नेता अधिकारी सस्पेंड हों, वरना यह चलता ही रहेगा।**

बच्ची की मां ने कहा मेरी बेटी जन्म के समय बिल्कुल स्वस्थ थी। उसे कुछ शारीरिक परेशानियां थी जिसके चलते हम उसे धार से इंदौर लेकर आए। डॉक्टर ने कहा कि सर्जरी के बाद वह स्वस्थ हो जाएगी। हमें पता ही नहीं चला कि जिस एनआईसीयू में वह भर्ती है वहां पर उसे चूहे काट रहे हैं। उसकी मृत्यु के बाद भी हमें सही जानकारी नहीं दी गई। जब बच्ची का शव मिला और उसकी अंगुलियां चूहों के द्वारा खाई हुई मिली तो हमारे रोंगटे खड़े हो गए। हम यह सोच सोचकर रोते रहते हैं कि उस मासूम ने कितना दर्द झेला और हमें पता भी नहीं चला। आज पूरी सरकार और प्रशासन उन सभी जिम्मेदारों को बचाने में लगे हुए हैं जिनकी वजह से हमारी बच्ची की जान चली गई। मां मंजू ने बताया कि हमें बाद में बताया गया कि आपको पैसे दे देंगे और कुछ चाहिए तो वह भी दे देंगे। हमें कुछ नहीं चाहिए। हम तीन दिन से यहां पर बारिश और धूप में धरने पर बैठे हैं। हमें पता चला है कि पहले भी इस अस्पताल में नवजात बच्चों की आग में जलने से मौत हो गई थी। अगर इसी तरह से गरीबों के बच्चे मरते रहे तो हम इलाज करवाने कहां जाएंगे। जिस दिन नेताओं और अधिकारियों को जेल होगी और जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए बड़े लोग जेलों में होगें तभी यह घटनाएं रुकेंगी। बच्ची के पिता देवराम ने कहा कि हमें हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरे प्रयास कर रहा है। हमने अपनी बच्ची को खो दिया लेकिन अब हम यहां पर किसी पद या पैसे के लिए नहीं आए हैं। हम चाहते हैं कि अब इस तरह की कोई घटना किसी गरीब के साथ में न हो। हम यहां धरने पर बैठे रहेंगे।

बच्ची के माता और पिता के साथ विरोध कर रहे लोगों की मांग है कि एमवाएच के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और अधीक्षक डॉ. अशोक यादव को सस्पेंड किया जाए। कर्मचारियों को सस्पेंड करने से व्यवस्था नहीं बदलेगी। लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि हमारे साथ कई और भी लोग यहां पर आ रहे हैं। यह धरना और आंदोलन बढ़ता ही जाएगा। इस बार हम दोषियो को सस्पेंड किए बिना जाएंगे नहीं।



## मोबाइल पर कॉल कर अश्लील मैसेज भेजता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर में एक नाबालिग लड़की को अश्लील मैसेज करने और फोन कर परेशान करने के मामले में पीड़िता ने आरोपी को लेकर सोमवार दोपहर थाने में शिकायत की। रात में पीड़िता का भाई गरबा देखने पहुंचा तो यहां पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी।**

पुलिस ने इस मामले में मारपीट की धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर रोशन और जितेन्द्र नाम के लड़कों पर छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी 17 साल की है। जिसे रोशन मोबाइल पर कॉल कर अश्लील मैसेज भेजता है। बाद में उसे डिलीट कर देता है। पीड़िता ने इसके स्क्रीन शार्ट लेकर रखे थे। इसे लेकर दोपहर में पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। रात मे पीड़िता का 14 साल का बेटा गरबा देखने जा रहा था। जिसमें रास्ते में रोशन और जितेन्द्र ने रोककर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद पीड़ित लड़के के पिता वहां पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने धमकी देते हुए कहां कि उन्होंने थाने में शिकायत की है। पीड़ित रात में फिर से थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई।

आरटीओ का ताबड़तोड़ एक्शन

## सड़कों पर मचा हड़कंप, कई बसें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान के तहत इंदौर-बुरहानपुर और इंदौर-नेमावर रूट पर चलने वाली बसों की सघन जांच की गई, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।**

आरटीओ की टीम ने स्कूल बसों और यात्री बसों की जांच के दौरान विभिन्न कमियां पाईं। जिसके परिणामस्वरूप 11 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, बिना परमिट के संचालित हो रही एक बस को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। जांच अभियान के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि तीन बसों पर 13 लाख रुपये से अधिक का मध्य प्रदेश मोटरयान कर बकाया था। इन बसों को भी आरटीओ द्वारा जब्त कर लिया गया है। इस पूरी कार्रवाई के दौरान वाहनों से 89 हजार रुपये से अधिक की जुर्माना राशि भी वसूली गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि लोक परिवहन वाहनों, विशेषकर बसों और स्कूल वाहनों की चेकिंग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। बसों में ओवरलोडिंग और यात्रियों से अधिक किराया वसूलने जैसी शिकायतों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आरटीओ की टीम वाहन मालिकों को अपने वाहनों पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसके साथ ही, वाहनों की गति, स्पीड गवर्नर और सभी आवश्यक दस्तावेजों की भी गहनता से जांच की जा रही है। अधूरे दस्तावेज, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, विशेष रूप से स्कूल और कॉलेज के वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।



## बिना सुरक्षा इंतजाम के काम करा रहा था ठेकेदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने पर एक मिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि ठेकेदार ने मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ऊंचाई पर काम करने के लिए लगाया था। इस लापरवाही के लिए पुलिस ने सोमवार रात ठेकेदार पर केस दर्ज किया है।**

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, मृतक विजय राठौर पुत्र हीरालाल राठौर, निवासी ग्राम टोकसर, सनावद 3 अगस्त को स्कीम नंबर 140 पिपल्याहाना चौराहे के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा था। इस दौरान ठेकेदार भागीरथ सिंह सिघानिया निवासी ग्राम बागरी सतवास ने विजय और उसके साथी जीवन पंवार से दूसरी मंजिल पर बाहर की तरफ प्लास्टर का काम कराया। जांच में सामने आया कि काम के दौरान मजदूरों को हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट या कोई अन्य सुरक्षा किट दी गई। मचान पर काम करते वक्त विजय का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। गिरते समय उसका सिर खिड़की के पट्टे से टकराया और गंभीर चोट आई। पहले उसे निजी अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने साथी मजदूर और परिवारजनों के बयान दर्ज किए। जांच पूरी होने पर ठेकेदार भागीरथ सिंह सिंघानिया के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भारत सरकार के निर्देशानुसार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के साथ इंदौर जिले में भी आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 04 की विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ के मुख्य आतिथ्य में सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय, महू नाका से किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा (एल्बेंडाजोल) दी जाएगी। इसमें शासकीय, अशासकीय, निजी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों, आदिवासी आश्रम शालाओं, मदरसों, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ शालात्यागी बच्चे भी शामिल रहेंगे। जिले में लगभग 12 लाख बच्चों को इस अभियान में आच्छादित किया गया है। जो बच्चे 23 सितंबर को दवा नहीं ले पाएं, उन्हें मॉप-अप राउंड में 26 सितंबर को दवा दी जाएगी। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में मातृ शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं से बच्चों का भविष्य सशक्त होगा। विधायक श्रीमती गौड़ ने विद्यालय में विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यालय की बस सेवा पुनः प्रारंभ करने की बात भी कही। कार्यक्रम में कुल 582 बच्चों तथा शिक्षिकाओं को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। दवा वितरण का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण अस्वच्छ आदतों जैसे बिना हाथ धोए भोजन करना, नंगे पैर चलना, दूषित फल एवं सब्जियों का सेवन करने से फैलता है। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डॉ. मनीषा पंडित, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शिवराज सिंह चौहान, झोनल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. कदम, एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय समन्वयक श्री आदिल खान एवं टीकाकरण सहयोगी श्री विकास वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डॉ. यादव से ताइवान के प्रतिनिधि मंडल ने निवेश अवसरों पर की चर्चा

# मध्यप्रदेश के संसाधन और ताइवान की तकनीक उद्योग क्षेत्र में नई मिसाल करेंगे प्रस्तुत : सीएम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताइवान की निर्माण तकनीक और मध्यप्रदेश की विशाल औद्योगिक तथा उपभोक्ता क्षमता मिलकर विकास, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगी। सेमीकंडक्टर, पीसीबी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्र मध्यप्रदेश और ताइवान सहयोग के नए केंद्र बन रहे हैं।**



ताइवान की तकनीक और मध्यप्रदेश के संसाधन मिलकर वैश्विक स्तर पर दृढ़ और प्रतिस्पर्धी उद्योग विकसित कर सकते हैं। आने वाला समय दोनों पक्षों के लिए अनंत संभावनाएं ला रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ताइवानी निवेश को आकर्षित करने और सफल बनाने के लिए पूरी सुविधा, नीतिगत समर्थन और प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और ताइवान के बीच व्यापार और निवेश अवसरों पर ताइवान व्यापार विकास परिषद और ताइवान आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के प्रतिनिधियों से मंत्रालय में चर्चा के दौरान यह बात कही। चर्चा में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित ताइवान विकास परिषद के डायरेक्टर जनरल चुन यू चांग, सेकंड सेक्रेटरी जिह शेंग वांग, ताइवान आर्थिक एवं सांस्कृति केन्द्र के निदेशक विक लिन तथा ट्रेड प्रमोशन विशेषज्ञ सुश्री कीर्तन नांबियार शामिल हुईं।

### औद्योगिक साझेदारी के साथ ही शिक्षा और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी होगा आदान-प्रदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप हम ताइवान के साथ एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में नए साझेदारी की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ताइवान अपनी तकनीक और नवाचार में अग्रणी है और मध्यप्रदेश प्रचुर संसाधनों, कुशल मानव संसाधन और विभिन्न सेक्टर में अनंत संभावनाओं के साथ सहयोग का इच्छुक है। मध्यप्रदेश से ताइवान को मुख्य रूप से इलेक्ट्रानिक मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रासायन तथा खाद्य पदार्थ निर्यात होते हैं, वहीं ताइवान से मध्यप्रदेश इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, मशीनरी और सेमीकंडक्टर्स आयात करता है। ताइवान के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सक्रिय सहभागिता की गई। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने ताइवान के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है, जो शिक्षा, अनुसंधान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ावा देगा। मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों और उद्योग सहयोगी नीतियों के कारण ताइवानी निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। ताइवान और मध्यप्रदेश एक स्पष्ट रोडमैप तैयार कर निवेश बढ़ाने की दिशा में अग्रसर होंगे।

## सिंहस्थ के निर्माण कार्यों का वरिष्ठ अधिकारी लगातार करें निरीक्षण: नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को सिंहस्थ के निर्माण कार्यों का उज्जैन पहुँचकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में ही पूरा किया जाये। बैठक में बताया गया कि करीब 11 हजार 909 करोड़ रुपये के विभिन्न विभागों के 132 कार्यों को मंत्रि-मण्डलीय समिति की अनुशंसा दी जा चुकी है। यह कार्य सिंहस्थ और विभिन्न विभागों की मद से किये जा रहे हैं। इन कार्यों के लिये करीब 673 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की जा चुकी है। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कार्यों में संस्कृति और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पीपीपी मोड पर होने वाले कार्यों को भी मंजूरी दी गयी है।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये राज्य सरकार की ओर से संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने आयोजन की बेहतर व्यवस्था के लिये विभिन्न विभागों के साथ लगातार बैठक करने के भी निर्देश दिये। बैठक में रेलवे द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि मेला क्षेत्र में ट्रेन से पहुँचने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे स्टेशन के पास ही पर्याप्त मात्रा में स्नान-गृह एवं सुलभ कॉम्पलेक्स की व्यवस्था हो। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि उज्जैन से जुड़े धार्मिक क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने आकस्मिक सेवा, जिनमें अग्निशमन, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ मेला क्षेत्र की मेपिंग का कार्य भी किया जाये, जिससे आवागमन सुविधाजनक हो सकेगा। उन्होंने कान्ह नदी के डायवर्सन, सिंहस्थ में क्षिप्रा नदी में जल की निरंतर प्रवाह योजना, घाट निर्माण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने उज्जैन संभाग के बस स्टैण्ड के उन्नयन की योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान रेलवे की बेहतर व्यवस्था के लिये आकलन कर जरूरी प्रस्ताव रेलवे मंत्रालय को भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को मंजूरी मिल गयी है, संबंधित एजेंसी को डीपीआर तैयार कर जल्द काम शुरू करने के लिये कहा गया है। निर्माण कार्य और व्यवस्था से जुड़े सभी काम दिसम्बर-2027 तक हर हाल में पूरे किये जायेंगे।

### इंदौर ट्रक हादसे में सुनवाई

# वर्चुअल हाजिर हुए पुलिस कमिश्नर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** शहर में हुए ट्रक हादसे में मंगलवार को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें इंदौर पुलिस कमिश्नर वर्चुअल और डीसीपी ट्रैफिक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच में पुलिस कमिश्नर की ओर से लिखित जवाब दाखिल किया गया। जिसमें बताया कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। साथ ही पुलिस ने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इंदौर में 15 सितंबर को एक ट्रक नो-एंट्री में घुस गया था और कई वाहनों को टक्कर मारी थी। इसमें तीन लोगों की मौत हुई थी और 12 लोग घायल हुए थे। ट्रक चालक नशे में था और ट्रक के नीचे आए वाहनों को करीब एक किमी तक घसीटते हुए ले गया था। मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर इंदौर पुलिस कमिश्नर को वर्चुअल हाजिर होने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि शहर की एंट्री पॉइंट के सभी सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत किए जाएं। इसके अलावा उस मार्ग का फुटेज भी पेश करने को कहा गया है, जहां से ट्रक नो-एंट्री जोन में घुसा था। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। इससे पहले सरकार और इंदौर पुलिस कमिश्नर को इंदौर शहर के एंट्री पॉइंट के सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देने होंगे।

## दो विधवाओं ने इच्छा मृत्यु मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**ग्वालियर, एजेंसी।** दो विधवा महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर को राज्यपाल के नाम आवेदन सौंप परिवार सहित इच्छा मृत्यु की मांग की है। दोनों महिलाएं पूनम भदौरिया व सुरुचि भदौरिया ने कहा कि वे सेन्ट्रल बैंक और यूनियन बैंक द्वारा लगातार परेशान किए जाने से आहत हैं।महिलाओं का कहना है कि कोरोना की दूसरी लहर में उन्होंने अपने पतियों को खो दिया। उसके बाद परिवार पर आर्थिक संकट मंडराने लगा। इसी बीच फैक्ट्री में आग लग गई और सब कुछ नष्ट हो गया। बच्चों के पालन पोषण तक के लिए अन्य परिजन पर निर्भर हैं। इसके बाद भी बैंक कर्मचारी RBI की गाइड लाइन के तहत 50 से 60 प्रतिशत में लोन सेटलमेंट नहीं कर रहे हैं बल्कि फैक्ट्री को एनपीए कर दिया है। इसके बाद भी लाखों रुपए का कर्ज बिना वजह हमारे ऊपर निकाला जा रहा है, जबकि इन दोनों बैंक ने बिना इंश्योरेंस के लोन मंजूर कैसे किया।

# सतना PWD में करोड़ों रुपये का गबन

### EOW ने कार्यपालन यंत्री और ठेकेदार के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** सतना लोक निर्माण विभाग (PWD) में करोड़ों रुपये के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW), रीवा ने जांच के बाद तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी और दिल्ली की एस.आर. कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। EOW की पड़ताल में खुलासा हुआ कि ठेकेदार ने एक फर्जी रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र (NOC) प्रस्तुत किया। इस दस्तावेज में दर्शाया गया कि यह खनिज शाखा रीवा से जारी हुआ है। इसी आधार पर कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने 2.59 करोड़ रुपये की रोकी गई राशि का भुगतान कर दिया। लेकिन जांच में स्पष्ट हुआ कि यह प्रमाण पत्र कभी भी खनिज विभाग से जारी नहीं किया गया था।



पूरा मामला 2017 से 2022 के बीच सीआरएफ योजना के अंतर्गत बनाए गए 46.70 किलोमीटर सड़कों से जुड़ा है। इसमें सेमरिया-बनकुइंया, मझियार, बकिया, लौलाछ, खाम्हा, इटौर, मैनपुरा, टिकरी और गोरड्या मार्ग शामिल हैं। ठेकेदार से अनुबंध 1 मई 2017 को हुआ था और अंतिम भुगतान 27 जुलाई 2021 को किया गया।

निर्माण कार्य में देरी के कारण भुगतान रोका गया था। लेकिन ठेकेदार ने रोक हटाने के लिए फर्जी एनओसी पेश की। बिना सत्यापन किए तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ने इसे मंजूर कर दिया। कार्यालय में न तो इसकी एंट्री थी और न ही खनिज विभाग से कोई रिकॉर्ड। यहां तक कि लेखाधिकारी की आपत्ति भी दरकिनार कर दी गई।

EOW एसपी ने बताया कि इस हेरफेर से शासन को 2 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। अब आरोपी इंजीनियर और ठेकेदार पर भादंवि की धाराओं 120B, 409, 420, 467, 468, 471 के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# संपादकीय

## ट्रंप की मुस्लिम देशों के नेताओं से मुलाकात भारत के लिए बन सकती है चुनौती?

भारतीय समय के मुताबिक, मंगलवार रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 8 अरब और मुस्लिम देशों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। यूएन महासभा के इतर होने वाली इस मुलाकात के क्या मायने हैं और क्या ये भारत के लिए चुनौती बन सकती है? ट्रंप पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जॉर्डन, मिस्र, तुर्किए, इंडोनेशिया के नेताओं से मुलाकात करेंगे। यूएन महासभा में गाजा का मुद्दा प्रमुखता से छाया हुआ है। विदेश मामलों के जानकार स्वर्ण सिंह कहते हैं कि ट्रंप का मुख्य मकसद मुस्लिमों देशों को भरोसा दिलाना होगा ताकि वे मिलकर किसी भी तरह के सैन्य संगठन को बनाने में जल्दबाजी ना करें। इजरायल के फिलिस्तीन के बाद लेबनान, ईरान और फिर कतर पर हमले के बाद से मुस्लिम देशों की चिंता बढ़ी है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ये देश मिलकर अपना सैन्य संगठन बनाने की भी कोशिश कर रहे हैं। स्वर्ण सिंह कहते हैं कि अमेरिका ये नहीं चाहेगा कि इजरायल के खिलाफ सभी मुस्लिम देश एकजुट हों और उनका सीधा सामना हो। इसलिए ट्रंप मुस्लिम देशों के नेताओं को उनकी सुरक्षा को लेकर भरोसा दिला सकते हैं ताकि वे मिलिट्री अलायंस बनाने की रफ्तार को धीमा करें। पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत भी मानते हैं कि इस मुलाकात को ट्रंप की मुस्लिम देशों और इजरायल के बीच तनाव न बढ़े और युद्ध की नौबत ना आए, इस कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। अमेरिका नहीं चाहेगा कि मुस्लिम देश मिलकर इजरायल के खिलाफ कोई कदम उठाएं। स्वर्ण सिंह कहते हैं कि भारत को सीधे इस मीटिंग से कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन पाकिस्तान के लगातार इस तरह की मीटिंग और अलायंस की कोशिश में शामिल होना चिंता का विषय हो सकता है। पाकिस्तान ने न केवल मुस्लिम देशों की 14 सितंबर को हुई इमरजेंसी शिखर वार्ता में शिरकत की बल्कि उसके बाद सऊदी अरब के साथ मिलिट्री अग्रीमेंट भी किया है। ट्रंप जब इन आठ देशों के नेताओं से मिलेंगे तो पाकिस्तान भी शामिल होगा। पाकिस्तान का मुस्लिम देशों से लगातार बढ़ता जुड़ाव और मिलिट्री अलायंस बनाने की कोशिश पर भारत को नजर रखनी होगी।

# ज्ञान-विज्ञान



# दुनिया के महासागरों में है लाखों टन सोना

## 2000 करोड़ डॉलर है कीमत, वैज्ञानिकों ने खोजा निकालने का तरीका लेकिन ये है मुश्किल

क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि समंदर के अंदर दुनिया का अथाह खजाना छिपा हुआ है। यह खजाना शुद्ध सोने के रूप में समुद्र के अंदर मौजूद है, जिसकी कीमत खरबों डॉलर है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी के महासागरों और सागरों में लाखों टन सोना मौजूद है, जो पानी में घुला हुआ है। वैज्ञानिकों ने इस सोने को निकालने के तरीकों पर शोध किया है, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं है। हर 10 करोड़ मीट्रिक टन समुद्री जल में एक ग्राम सोना पाया जाता है। सवाल उठता है कि यह सोना कैसे निकाला जा सकता है और भविष्य में समुद्र से सोना निकालना संभव हो पाएया या नहीं?

नेचर और जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसायटी (2018) में प्रकाशित स्टडी ने इन सोने को निकालने के तरीके सुझाए हैं, लेकिन यह प्रक्रिया अभी भी आर्थिक रूप से बहुत जटिल है। वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र में लाखों टन सोना है, जिसकी कीमत मौजूदा अनुमानों के अनुसार, 2000 करोड़ डॉलर हो सकती है। अनुमान के अनुसार, समुद्र के पानी में 2 करोड़ टन सोना घुला हुआ है। इस सोने के खनन पर अक्सर चर्चा होती रही है, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला है।

### समंदर में कैसे पहुंचा सोना?

यह सोना प्राकृतिक प्रक्रियाओं के जरिए सागरों तक पहुंचा है। इनमें से एक प्रक्रिया भूमि अपरदन है, यानी चट्टानों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से सोना धीरे-धीरे समुद्र में रिसता है। बारिश और नदियां धीरे-धीरे चट्टानों को तोड़ती हैं। इस दौरान उनमें मौजूद सोने की कुछ मात्रा समुद्र में पहुंच जाती है। इसके अलावा हाइड्रोथर्मल वेंट भी जिम्मेदार है। यह उन क्षेत्रों में होता है, जहां टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं, जिससे गर्मी के कारण सोने समेत घुले हुए खनिजों से युक्त तरल पदार्थ निकलते हैं।

### कैसे निकलेगा पानी से सोना?

समुद्र से सोना निकालना बेहद जटिल प्रक्रिया है। विशाल क्षेत्रों में सोना अल्पमात्रा में मौजूद है। एक लीटर पानी में 1 नैनोग्राम से भी बहुत कम सोना है। यहां समझना जरूरी है कि 1 अरब नैनोग्राम से एक ग्राम होता है। समुद्री खनन एक तकनीकी चुनौती बना हुआ है। 1941 में किए गए नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में एक विद्युत रासायनिक विधि का प्रस्ताव रखा गया था, जिसकी लागत सोने के मूल्य से 5 गुना अधिक होती।

अमेरिकी केमिकल सोसायटी के जर्नल में 2018 में प्रकाशित एक अन्य विधि में एक पदार्थ का जिक्र किया गया था, जो स्पंज की तरह सोने को सोख सकता है। हालांकि, इस विधि को बढ़ाकर बड़ी मात्रा में सोना निकालकर लाभप्रद रूप से निकालना अभी भी एक चुनौती बनी हुई है।

**मौसम वैज्ञानिकों ने चेताया**

# ला नीना की वापसी की आहट से हलचल, भारी बारिश के बाद ठंड दिखाएगी रौद्र रूप!

**भारत और उसके पड़ोसी देशों में मानसून का सीजन खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में सर्दी के मौसम की आमद अब बेहद करीब है। सर्दियों की शुरुआत से पहले ही ये चर्चा शुरू हो गई है क्या इस साल बहुत ज्यादा ठंड पड़ने जा रही है। इस चर्चा की वजह ला नीना है। ला नीना नाम की जलवायु परिघटना का इस साल सर्दियों पर सीधा प्रभाव हो सकता है। ला नीना ठंडी जलवायु का प्रतीक है। ला नीना अल नीनो के विपरित होता है। इसे अल नीन (ENSO) का ठंडा फेज भी कहा जाता है।**



भारत में ला नीना के चलते अधिक ठंडी सर्दियां आने की संभावना है। विशेष रूप से उत्तरी भारत में इसका असर देखने को मिलेगा। यह मौसम पैटर्न प्रशांत महासागर को ठंडा करता है। ऐसे में यह उत्तरी भारत में नवंबर-दिसंबर में ज्यादा पाला पड़ने और शीत लहरों की वजह बन जाता है। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा के जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना विकसित होने की 71% तक संभावना जताई है।

### मौसम विज्ञानी क्या कह रहे

इस सितंबर की शुरुआत में ही अपने बयान में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने ला नीना की बात की है। संगठन ने अपने बयान में बताया कि ला नीना मौसम और जलवायु पैटर्न को प्रभावित करने के लिए वापस आ सकता है। संगठन का कहना है कि इस घटना के अस्थायी शीतलन प्रभाव के बावजूद अधिकांश देशों में वैश्विक तापमान औसत से ऊपर रहने का अनुमान है।

प्रशांत समुद्री पर्यावरण लैब के अनुसार, ला नीना भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में असामान्य रूप से ठंडे समुद्री तापमान की विशेषता है। वहीं अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में असामान्य रूप से गर्म समुद्री तापमान की वजह से है। मूल रूप से यह शब्द क्रिसमस से जुड़ा था। सर्दियों के त्योहार की वजह से इसका इस्तेमाल हुआ। अल नीनो का अर्थ स्पेनिश में ईसा मसीह का बच्चा है।

### भारत क्यों होगा प्रभावित

प्रशांत महासागर में होने वाले मौसमी पैटर्न ला नीना के चलते भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान औसत से नीचे आ जाता है। ला नीना से जो देश प्रभावित होंगे, उनमें भारत एक अहम नाम है। भारत भूमध्य रेखा के पास स्थित है। ला नीना के चलते खासतौर से उत्तर भारत के राज्य ज्यादा सर्दी का सामना करेंगे।

Gujrat

# पालतू कुत्ते का नाखून लगने से हुआ रेबीज, इलाज के बावजूद चली गई पुलिस इंस्पेक्टर जान

**अहमदाबाद, (एजेंसी) गुजरात के अहमदाबाद में एक पुलिस इंस्पेक्टर वनराज मांजरिया की उनके पालतू कुत्ते के नाखून से लगे घाव के कारण मौत हो गई है. कुत्ते का नाखून लगने से उन्हें रेबीज हो गया था. यह घटना लापरवाही के जानलेवा परिणामों को दिखाती है. आम तौर पर कुत्ते के काटने के बाद रेबीज का इलाज किया जाता है, लेकिन इस मामले में केवल नाखून लगने से उनकी जान चली गई. इलाज के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका.**



पुलिस इंस्पेक्टर वनराज मांजरिया का निधन इलाज के दौरान हुआ. उन्हें कुछ वक्त पहले अपने पालतू कुत्ते का नाखून लगा था, जिसके बाद उन्हें रेबीज हो गया. उन्हें तुरंत इलाज के लिए भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका.

अक्सर लोग पालतू जानवरों के साथ खेलते समय छोटी-मोटी चोटों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं.

वनराज मांजरिया का निधन उनके परिवार और पूरे अहमदाबाद पुलिस बल के लिए एक दुखद घटना है. अहमदाबाद शहर पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है. यह घटना रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने और सावधानी बरतने की जरूरत पर बल देती है.

Uttarpradesh

# अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर भीषण हादसा, कार-कैंटर की टक्कर में 4 जिंदा जले



**अलीगढ़, (एजेंसी)** अलीगढ़ कानपुर हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यहां जीटी रोड पर कार और कैंटर में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कार और कैंटर दोनों में आग लग गई। इससे दोनों वाहनों में सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि कार का टायर फटने से वह बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई और दूसरी तरफ से आ रहे कैंटर से जा भिड़ी। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला। मरने वालों में कैंटर चालक, एक महिला, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को मोर्चरी में रखवाया।

यह दर्दनाक घटना अकराबाद थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार, कार एटा से अलीगढ़ की ओर जा रही थी। वहीं, कैंटर अलीगढ़ से एटा की तरफ जा रहा था। कार की रफ्तार करीब 100 kmph थी। तभी अचानक टायर फट गया। इससे कार चालक का नियंत्रण खो गया। कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में चली गई। वहां सामने से आ रहे कैंटर से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि धमाका हुआ और तुरंत बाद आग लग गई। आसपास के लोग चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। आग बुझाने में 20-25 मिनट लगे। जब आग बुझी तो शव पूरी तरह से जल चुके थे।

Hyderabad

# गैंगरेप के बाद हत्या

**हैदराबाद, (एजेंसी)** हैदराबाद के किस्मतपुर इलाके में 32 वर्षीय महिला के साथ दरिंदगी के बाद हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है. पहले उसे बहलाकर बीयर पिलाया गया, बिरयानी खिलाई गई, फिर दो ऑटो चालकों ने पुल के नीचे ले जाकर गैंगरेप किया. महिला ने जब उनका विरोध किया तो लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला गया. पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, यह दिल दहला देने वाली वारदात 14 सितंबर को शुरू हुई. महिला नशे की हालत में एक खंभे के पास मिली थी. वहां 33 वर्षीय एक व्यक्ति ने उसे देखा. एक आरोपी ने महिला को बहलाया और ऑटो-रिक्शा में बिठाकर ले गया. रास्ते में उसने उसे बीयर पिलाया और बिरयानी खिलाई. इसके बाद एक इवेंट हॉल के पास उसका यौन उत्पीड़न किया. आरोपी महिला को आरामघर एक्स रोड के पास छोड़ गया. लेकिन उसकी मुश्किलें खत्म नहीं हुईं. उसी रात 25 और 26 साल के दो ऑटो-रिक्शा चालक वहां पहुंचे. दोनों ने महिला को जबरन अपने तिपहिया वाहन में बैठा लिया और किस्मतपुर पुल तक ले गए. वहां पर दोनों ऑटो चालकों ने उसके साथ बलात्कार किया. विरोध करने पर लाठियों से उस पर हमला कर दिया.

Rajasthan

# मदरसा टीचर वीडियो कॉल पर उतरवा लेता था कपड़े

**अलवर, (एजेंसी)** अलवर जिले में एक मदरसा शिक्षक को अंतरराष्ट्रीय सेक्सटॉर्शन रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय सोयव खान को 'ऑपरेशन साइबर संग्राम' के तहत धोलागढ़ देवी इलाके से पकड़ा गया। वह गोठड़ा खुर्द गांव का निवासी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि सोयव खान अपने शिकारों को वीडियो कॉल करता था, बातचीत के दौरान उनका विश्वास जीतता था और फिर उनकी निजी पलों की रिकॉर्डिंग कर लेता था। इसके बाद वह पीड़ितों को ब्लैकमेल करता था और धमकी देता था कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वह वीडियो उनके परिवार वालों को भेज देगा। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी के



मोबाइल फोन में कई आपत्तिजनक चैट्स, नग्न वीडियो और वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्य मिले हैं, जिनका संबंध बांग्लादेश और अन्य देशों के नंबरों से है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपलब्ध रिपोर्ट्स के अनुसार, इस रैकेट के अंतरराष्ट्रीय लिंक की भी पड़ताल की जा रही है।

खेल

# श्रेयस अय्यर ने लिया टेस्ट प्रारूप से ब्रेक, वेस्टइंडीज के खिलाफ चयन से पहले लिखा अगरकर को पत्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। इसकी जानकारी उन्होंने भारतीय टीम की चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर को पत्र लिखकर दी। बता दें कि, अय्यर ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में भारत ए की कप्तानी छोड़ दी थी। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम की अगुवाई का जिम्मा सौंपा गया।



## पीठ की समस्या से जूझ रहे अय्यर

समाचार एजेंसी पीटीआई ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र के हवाले से कहा, 'उन्होंने (श्रेयस अय्यर) इंडिया ए टीम प्रबंधन को बताया कि वह निजी कारणों से मुंबई गए हैं, वहीं उन्होंने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर को पत्र लिखकर बताया कि उनकी पीठ फिलहाल प्रथम श्रेणी और टेस्ट क्रिकेट में खेलने में सक्षम नहीं है।' इससे पहले अय्यर के नेतृत्व में भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट मैच खेला था। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

## घरेलू टेस्ट सीरीज में खेलना भी संदिग्ध

पीठ की समस्या से जूझ रहे अय्यर का अब वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने की शुरुआत में होने वाली दो टेस्ट मैचों की घेरलू सीरीज में भी खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में बताया था कि वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए चयन समिति 23 या 24 सितंबर को ऑनलाइन बैठक करेगी और टीम का चुनाव होगा।

**कब से शुरू होगी सीरीज**?- भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मुकाबला दो अक्तूबर से अहमदाबाद में खेला जाएगा जबकि 10 अक्तूबर से खेले जाने वाले दूसरे मैच में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इससे पहले भारतीय टेस्ट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी, जो 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई थी। आगामी सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम का एलान हो चुका है।

**भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम**: रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन (उप-कप्तान), केवलन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, टैगनारायण चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे, जेडन सील्स।

सिनेमा

# शाहरुख खान, रानी मुखर्जी को मिला नेशनल फिल्म अवॉर्ड

## मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किया गया सम्मानित



भारतीय सिनेमा के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार बहुत बड़ा सम्मान है। बीते महीने यानी 1 अगस्त को प्रसारण मंत्रालय ने 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के विनर्स का ऐलान किया था और आज 23 सितंबर को उन सभी विजेताओं को अवॉर्ड मिला। इसके लिए राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजेताओं को सम्मानित किया। बता दें कि ये अवॉर्ड साल 2023 में रिलीज हुईं फिल्मों के आधार पर दिए जा रहे हैं। इसके अलावा इस साल साउथ सुपरस्टार मोहनलाल को फिल्म जगत के सबसे महत्वपूर्ण दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। वहीं, 'द केरल स्टोरी' को बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड दिए जाने पर, शाहरुख को 'जवान' के लिए अवॉर्ड मिलने समेत कई अन्य कैटेगरी के विजेताओं के नाम पर विवाद भी हुआ है।

## Highlights

1. Bus driver suffers heart attack in Andhra, hits 2 wheeler, divider
2. Ravi Kishan says '₹100 item priced at ₹45 under GST 2.0', trolled
3. Siddaramaiah requests Wipro to let traffic pass through its B'luru campus to ease traffic
4. Why was a second post-mortem of Zubeen Garg conducted?
5. Indian rupee hits record low amid H-1B visa fee hike

# NTPC, India's biggest power producer, wants to buy nuclear reactors in bulk

**NEW DEIHI, (Agency).** NTPC Ltd. has sought the government's approval to bulk purchase nuclear reactors, part of a wider national effort to expand atomic energy capacity as the country seeks to reduce dependence on fossil fuels.

India's largest power producer, which is government-run, aims to buy large units ranging from 700 MW to about 1,730 MW each, but hasn't yet finalised the size of the tender, according to people with knowledge of the matter. By purchasing in bulk, NTPC hopes to lower the overall cost, the people said, asking not to be named as the talks are still private.

NTPC has spearheaded India's push to build 100 GW of nuclear power capacity by 2047, more than 11 times the current total, and is seeking to install almost a third of that target. New Delhi's plan to change existing laws in order to attract private investment comes amid a global renaissance in atomic



energy, widely seen as a means of providing around-the-clock, low-carbon power generation.

NTPC and India's Department of Atomic Energy didn't respond to emailed requests for comment.

India, the world's third largest CO2 emitter, is heavily reliant on coal for power generation. The nation has installed 8.8 GW of atomic power since its oldest reactor was commissioned in 1969, and reaching the 2047 target would mean building half that capacity annually over the next 22 years.

The sector faces multiple challenges, including identifying safe sites, finding suppliers to support different kinds of reactor technologies and, most importantly, winning local backing.

For NTPC, the nuclear pivot is part of an effort to reduce consumption of fossil fuels, which currently make up 85% of its power generation capacity. Construction of its first nuclear plant, a venture with Nuclear Power Corp. of India, is expected to be completed by 2036.

# Now just new, used cars too seeing outsized sales traction in GST 2.0

**NEW DEIHI, (Agency).** The rollout of GST 2.0 has invigorated demand for some of India's largest carmakers. The used-car space isn't too far behind, if Cars24 is to be believed.

The online platform for pre-owned vehicles delivered five times more cars on Monday even as inspections rose to their highest in four years, Vikram Chopra, founder and chief executive at CARS24 Services Pvt. Ltd., said in a post on X, formerly Twitter.

"But the real story isn't the numbers. It's families driving home their first car. Parents upgrading to something safer. Couples celebrating milestones on wheels."

Chopra's update comes even as India's largest carmaker Maruti Suzuki India Ltd., as well as smaller peers Hyundai Motor India Ltd. and Tata Motors Ltd. reported robust sales and bookings on the first day of Navratri, which by design coincided with the rollout of GST 2.0.

While Maruti Suzuki clocked 80,000 inquiries and 30,000 deliveries for the best one-day sales in 35 years, Hyundai India's dealer billings rose to a five-year high of 11,000. Tata Motors gave away the keys to 10,000 cars in one day.

The government's move to rationalise goods and service tax to just two slabs has reduced the tax on small cars to 18% from 28% earlier. Larger cars now attract 40% GST, sans any kind of compensation cess that increased total tax incidence to 50% in some cases.

"The recent GST rate cut and special festive offers have sparked an extraordinary wave of consumer interest and enthusiasm," Shailesh Chandra, president of industry body Society of Indian Automobile Manufacturers (SIAM) and managing director of Tata Motors Ltd.

# कमजोर कॉलमों पर टिकी थी तीन मंजिला अवैध बिल्डिंग





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चार दिन पहले मकान का एक कॉलम धंसा था तो दुकानदार ने मकान मालिक को दुकानदार का शटर नहीं लगा पाने की समस्या बताई थी,लेकिन तब मकान मालिक ने मकान के झुकाव को हल्के में लिया था। जिस कारण यह हादसा हो गया। रानीपुरा क्षेत्र में गिरे मकान का हादसा रुक सकता था। यदि नगर निगम के अफसर और मकान मालिक समय पर चेत जाते तो, लेकिन अब लापरवाहीं के कारण हादसा हो चुका है। सात सौ वर्गफीट में बना मकान अवैध था। तल मंजिल में बगैर अनुमति के दुकानों का निर्माण किया गया था। इसके अलावा उपरी हिस्से में भी शेड बनाए गए थे। निर्माण के समय कॉलम में कम मोटाई के सरिए डाले गए थे, जो बिल्डिंग का वजन नहीं सह पाए।

चार दिन पहले मकान का एक कॉलम धंसा था तो दुकानदार ने मकान मालिक को दुकानदार का शटर नहीं लगा पाने की समस्या बताई थी,लेकिन तब मकान मालिक ने मकान के झुकाव को हल्के में लिया था। जिस कारण यह हादसा हो गया। यदि नगर निगम के अफसर निर्माण के समय ही अवैध निर्माण के खिलाए एक्शन लेते तो मध्य क्षेत्र में तीन मंजिला बिल्डिंग अवैध नहीं बन सकती थी। बिल्डिंग में तीन दुकानों में आठ से ज्यादा कर्मचारी व दुकानदार रहते है। त्योहार के चलते शाम को कम ग्राहकी होने के कारण दुकानें रात आठ बजे बंद कर सभी चले गए थे। यदि दुकानें खुली रहती तो प्रभावितों की संख्या और बढ़ जाती। इसके अलावा परिवार के कुछ लोग अपने रिश्तेदार से मिलने खजराना गए थे। वे भी इस हादसे में बच गए। दबे मकान में जिंदगियां खोजने के काम रात डेढ़ बजे तक चला। सभी 12 घायलों और दो मृतकों को निकालने के बाद जेसीबी से मकान के मलबे को हटाना शुरू किया गया। बचाव कार्य प्रभावित न हो। इसके लिए गली की स्ट्रीट लाइट की बिजली काट दी गई थी।

# लोडिंग ऑटो ने एक्टिवा सवार महिला को टक्कर मारी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। व्यस्ततम चौराहों में से एक, पोलो ग्राउंड चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने एक्टिवा सवार महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक छोटा हाथी लोडिंग वाहन तेज गति से आ रहा था। इसी दौरान, एक्टिवा पर सवार एक महिला चौराहे से गुजर रही थी। वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे महिला की एक्टिवा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद महिला का शव काफी देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा, जिससे पोलो ग्राउंड चौराहे पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को



कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे और शव को देखकर उनका गुस्सा फूट पड़ा। वे वहां विलाप करने लगे, जिससे माहौल और भी गमगीन हो गया। पुलिस ने समझाइश देकर परिजनों को शांत कराया और शव के साथ अस्पताल भेजा। हादसे से नाराज भीड़ ने आरोपी छोटा हाथी वाहन के ड्राइवर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। हालांकि, मौके पर मौजूद कुछ समझदार लोगों ने बीच-बचाव किया और आरोपी ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खुड़ैल में रहने वाली 27 वर्षीय महिला अंजुम पत्नी अमजद मंसूरी ने सोमवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अंजुम के 10 वर्षीय बेटे ने बताया कि मां सुबह भी चुनरी से गला कस रही थीं।**

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक घटना के समय अंजुम के दोनों बच्चे बाहर खेल रहे थे। ससुर को बर्तन देने के बाद वह कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। देर शाम देवरानी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की से झांककर देखा। वहां अंजुम फंदे पर लटकी दिखी। परिवार के सदस्य कादिर ने बताया कि अंजुम के पति अमजद सोनकच्छ गए हुए थे, जहां उनकी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी दौरान घर पर यह घटना हुई। कादिर के पिता ने बताया कि शाम को अंजुम मवेशियों को खाना देने के बाद दूध लाने के लिए बर्तन देकर कमरे में चली गई थी। अंजुम के 10 वर्ष के छोटे बेटे ने बताया कि सुबह उसने मां को चुनरी से गला कसते देखा था, लेकिन उसकी नजर पड़ने के बाद मां ने काम में लग जाने का नाटक किया। परिजनों का कहना है कि अंजुम लंबे समय से ऊपरी बाधा जैसी मानसिक परेशानी से जूझ रही थी। हालांकि पुलिस अब आत्महत्या की असली वजह तलाशने में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक